# जनपद शामली पुलिस

## --सोशल मीडिया सेल शामली—

प्रेस विज्ञप्ति 23.10.2025

**प्रेस नोट**

**थाना झिंझाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम वेदखेड़ी में दो पक्षों में हुई गाली गलौच, मारपीट की घटना में बीच बचाव करने आये व्यक्ति के ऊपर एक पक्ष द्वारा हमला कर गंभीर रुप से घायल करने पर उपचार के दौरान व्यक्ति की मृत्यु की घटना में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल लोहे का गुल्ला बरामदः-**

ज्ञात हो दिनांक 22.10.2025 को थाना झिंझाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम वेदखेड़ी निवासी इरफान पुत्र अब्दुल के मकान का निर्माण कार्य चल था, मकान के कार्य लिए उसने रास्ते में मिट्टी डाल रखी थी। तभी उसी के गांव के विकास पुत्र इन्द्रपाल अपनी कार लेकर वहाँ से गुजर रहा था। मिट्टी पर पड़ी होने के कारण दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई थी। जिसमें इरफान के पड़ोसी इदरीश पुत्र कादर व आजाद पुत्र गफ्फार भी बीच बचाव के लिए आ गए। मारपीट के दौरान अजीत ने किसी भारी वस्तु से इदरीश के सिर पर वार कर दिया, जिसमें इदरीश गिर पड़ा तथा आजाद उपरोक्त घायल हो गया तथा अजीत उपरोक्त व उसके साथी मौके से फरार हो गये। गंभीर रुप से घायल हुए इदरीश को उसके परिजन प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे जहाँ पर चिकित्सकों द्वारा इदरीश को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर तत्काल उच्चाधिकारियो, थाना झिंझाना पुलिस तथा फील्ड़ यूनिट द्वारा मौके पर पहुचकर घटनास्थल का निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किये गये। थाना झिंझाना पुलिस द्वारा मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। घटना के सम्बन्ध में परिजनों की तहरीर पर थाना झिंझाना पर मु0अ0सं0 540/2025 धारा 103(1),352,351(3) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया गया। उपरोक्त घटना का संज्ञान लेकर पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक शामली व क्षेत्राधिकारी कैराना के नेतृत्व में टीमें गठित कर प्रभारी निरीक्षक थाना झिंझाना को अभियुक्तगण की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया।

इसी क्रम में आज दिनांक 23.10.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह के आदेशानुसार चलाये जा रहे वांछित/हत्या में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी से सम्बन्धित अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम वेदखेड़ी में दो पक्षों में हुई गाली गलौच, मारपीट की घटना में बीच बचाव करने आये व्यक्ति के ऊपर एक पक्ष द्वारा हमला कर गंभीर रुप से घायल करने पर उपचार के दौरान व्यक्ति की मृत्यु की घटना में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल लोहे

का गुल्ला बरामद हुई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>**

1.अजीत पुत्र धर्मवीर निवासी ग्राम वेदखेडी थाना झिंझाना जनपद शामली।

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

1.घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल लोहे का गुल्ला।

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>**

1.प्रा0नि0 श्री वीरेन्द्र कसाना थाना झिंझाना जनपद शामली।

2.का0 सौरभ तालियान थाना झिंझाना जनपद शामली।

3.कां0 कपिल गिरी थाना झिंझाना जनपद शामली।

**<u>SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI</u>**

